# MONIND LIMITED

**Regd. Off.** : Block-7, Room No. 78, Deen dayal awas, Kabir Nagar Raipur, CT 492099
**CIN**: L51103CT1982PLC009717; **Corp Office:** Monnet House, 11 Masjid Moth,
Greater Kailash Part II, New Delhi-110048; **Phones:** 011-29223112; Ph. : +91-877-0344104
**E-Mail:**isc_mind@monnetgroup.com; **website:** www.monnetgroup.com

**November 14, 2024**

**BSE Ltd**
Phiroze Jeejibhoy Towers, Dalal Street,
Mumbai – 400001

**The Calcutta Stock Exchange Ltd**
7, Lyons Range,
Kolkata- 700001

**Scrip Code – 532078**

**Sub: Publication of Unaudited Standalone Financial Results for the quarter and half year ended September 30, 2024**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulations 30 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed the copies of newspaper advertisement published in the newspaper Financial Express (All Edition, English Daily) and Raj Express (Raipur Edition, Hindi Daily), both dated November 14, 2024 in which Unaudited Standalone Financial Results for the quarter and half year ended September 30, 2024 have been published. The aforesaid results have been approved by the Board of Directors in their meeting held November 13, 2024.

This is for your information and records.

RITIKA AHUJA

Digitally signed by RITIKA AHUJA
DN: c=IN, o=Personal, pseudonym=vlvc6Lrtlxyg9EPKgBoNiMA4ZbPZEdI9, 2.5.4.20=05e17a1c92f78f26a3c7d26a21d7adb2e03563a4828460273fd4bd6ee8ac7d1b, postalCode=110027, st=DELHI, serialNumber=4eb464190319a64fec091d4171de6c6fa32150a771ab53dc67765b9521f156e8, cn=RITIKA AHUJA
Date: 2024.11.14 17:15:41 +05'30'

**RITIKA AHUJA**
**COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER**



## बीजेपी उम्मीदवार सुनील सोनी ने अपने परिवार के साथ वोट डाला

## अंधों का नहीं है कोई इलाज, आंख खोलो तो सब दिखेगाः सुनील सोनी

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव हैं। इसके लिए मतदान जारी है। बीजेपी उम्मीदवार सुनील सोनी भी मतदान केंद्र वोट डालने पहुंचे। सुनील सोनी ने पूरे परिवार के साथ महाराणा प्रताप स्कूल स्थित मतदान केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने वोट डाला। उनके साथ परिवार के सदस्यों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इस बीच बातचीत के दौरान सुनील सोनी ने कहा कि उन्हें जनता का जबरदस्त आशीर्वाद मिल रहा है। विकास के माध्यम से वोट मांग रहे हैं।

### कांग्रेस पर लगाए आरोप

कांग्रेस के निष्क्रियता के आरोप पर सुनील सोनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किस आधार पर चुनाव लड़ रही है। यदि उनका प्रत्याशी का एक भी योगदान शहर के अंदर हो तो बता दें। सोनी ने कहा कि जो अंधे हैं उनका कोई इलाज नहीं, वो आंख खोल कर देखते हैं उन्हें सब कुछ दिखाई देता है।

रायपुर दक्षिण में मतदान

# लोगों में दिखा उत्साह, सुबह से ही पोलिंग बूथ पर पहुंचे लोग

● रायपुर / आरएनएन

छत्तीसगढ़ में रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। वोटिंग को लेकर रायपुर दक्षिण के मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। रायपुर नगर निगम में बनाए गए बूथ क्रमांक 51 पर लाइन में खड़े वोटर्स से बात की। वोट डालने आए एक बुजुर्ग वोटर ने कहा कि मतदान करने लोगों में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल के चुनाव में नहीं रहने से कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि कोई दूसरा मैदान में खड़ा है। इसलिए वोट डालने आए हैं। वहीं एक अन्य वोटर ने कहा कि हमारा फर्ज है। हर पांच साल में वोट देते हैं इस बार पांच साल में दो बार वोट दे रहे हैं।

### आकाश और सुनील के समर्थन में रखीं अपनी बात




### युवा प्रत्याशी को बनाया जाए विधायक

एक और वोटर ने कहा कि लोकतंत्र का पर्व है। सभी को वोट देना चाहिए। उन्होंने चुनाव में युवा प्रत्याशी को मौका देने की बात कही। उन्होंने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद दक्षिण की बागडोर युवा के हाथ में होनी चाहिए।

### भाजपा सरकार में हो रहा अच्छा काम

बूथ क्रमांक 51 पर पहुंचे एक और वोटर ने कहा कि लोग मतदान करने बढ़चढ़ कर पहुंच रहे हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार है तो रायपुर दक्षिण में भाजपा का ही विधायक आना चाहिए। विष्णुदेव साय की सरकार में सायं-सायं काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि बृजमोहन की विरासत को सुनील सोनी आगे बढ़ाएंगे। एक अन्य युवा मतदाता ने कहा कि इस बार कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा को आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुनील सोनी के सांसद कार्यकाल में कोई काम नहीं हुआ। इसलिए इस बार युवा प्रत्याशी को मौका देना चाहिए।

## कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने सपरिवार किया मतदान

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने सुबह-सुबह अपने परिवार के साथ सुंदर नगर स्थित पंडित सुंदर लाल शर्मा स्कूल में मतदान किया। इसके पहले आकाश शर्मा ने मंदिर में हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया था।

आकाश शर्मा ने मतदान के बाद बात करते हुए कहा कि सुनील सोनी निष्क्रिय प्रत्याशी हैं। आज मैंने पूरे परिवार के साथ मतदान किया है। इस बार रायपुर दक्षिण की जनता युवा को ही सुनेगी। वहीं उनकी पत्नी ने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल आठ बार से यहां विधायक थे। लेकिन कोई काम यहां पर नहीं हुआ है। इस बार रायपुर दक्षिण की जनता की सोच बदल रही है। इस बार अनुभवी को न चुनकर युवा को मौका मिलेगा।

### एक-एक व्यक्ति से की मुलाकात

आकाश शर्मा के पिता ने कहा कि आकाश शर्मा विकास की सोच के साथ रायपुर दक्षिण में लगातार लोगों के बीच गया है। बहुत मेहनत की है। एक-एक व्यक्ति से उन्होंने मुलाकात की है। इस बार सभी की सोच यही है कि आकाश शर्मा को रायपुर दक्षिण से जिताना है। वहीं उनकी माता ने सभी से अपील करते हुए कहा कि इस बार आकाश शर्मा को ही वोट दें।




## मतदान केंद्र में आपस में भिड़े भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ता, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात



रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण विधानसभा में उपचुनाव का मतदान जारी है। मतदान के दौरान दानी गर्ल्स स्कूल मतदान केंद्र में भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। दोनों दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की। पुलिसकर्मियों ने कार्यकर्ताओं को खदेड़कर मामला शांत कराया। मतदान केंद्र में झड़प के बाद भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिए गए हैं।

बताया जा रहा कि भाजपा का गमछा पहनकर मतदान केंद्र के अंदर जाने और महापौर एजाज ढेबर के फूड पैकेट बांटने को लेकर भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में विवाद हो गया। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई। झड़प की जानकारी मिलते ही मतदान केंद्र में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए और मामला शांत कराया गया।

## रायपुर दक्षिण की जनता ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया : दीपक बैज


**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के मतदान के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुये दावा किया कि दक्षिण की जनता ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। बैज ने बुधवार को यहां कहा कि मतदान केंद्रों के बाहर कांग्रेस के पंडालों में उमड़े जन समुदाय से साफ हो रहा था, जनमत कांग्रेस के पक्ष में है। यहां से कांग्रेस के युवा प्रत्याशी आकाश शर्मा प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतेंगे।

बैज ने कहा कि पूरे चुनाव अभियान को कांग्रेस पार्टी ने सकारात्मकता के साथ किया। कांग्रेस ने पूरी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ा, हमारे सभी बड़े नेता, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण पूरी तन्मयता के साथ चुनाव अभियान में जुटे हुए थे। एक ओर जहां कांग्रेस की एकजुटता दिख रही थी, वहीं भाजपा का बिखराव भी जन चर्चा का विषय बना हुआ था। केवल एक खेमा भाजपा का चुनाव प्रचार करते हुए दिख रहा था वरिष्ठ नेता, मंत्री, विधायक चुनाव प्रचार से दूर थे। मतदान के दौरान जनता का रुझान साफ दिखा।

बैज ने कहा कि इस चुनाव का प्रमुख मुद्दा सक्रिय बनाम निष्क्रिय है, भाजपा के प्रत्याशी को जनता ने अनेकों अवसर दिए, महापौर रहे, आरडीए अध्यक्ष रहें, सांसद रहे लेकिन इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के बाद भी वे अपने एक भी उपलब्धि पूरे चुनाव अभियान में जनता को नहीं बता पाए। हमारा प्रत्याशी युवा है, सक्रिय है, जुझारू है और जनता आकाश शर्मा को विधायक बना कर युवा को प्रतिनिधित्व का अवसर देने के लिए मतदान किया।

## डबल इंजन की सरकार में हो रहा विकास भाजपा के साथ है जनताः श्यामबिहारी

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए मतदान के बीच भाजपा दक्षिण प्रभारी और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जीत का दावा किया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, भारी मतों से उपचुनाव जीत रहे हैं। मंत्री श्यामबिहारी ने मतदाताओं से बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की है।



मंत्री ने कहा, प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। विकास की गति भी डबल है। यही कारण है कि जनता बीजेपी के साथ है। कांग्रेस पर तंज कसते हुए मंत्री जायसवाल ने कहा, कांग्रेस को जनता जानती है इसलिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान नहीं हो रहा है। जनता सब समझती है। कांग्रेस के प्रत्याशी के नाम दक्षिण के जनता तक को पता नहीं है। जनता को लुभाने के लिए तमाम कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, खाने का डिब्बा बांटकर जनता को नहीं खींच सकते। जब पता है कि सौ मीटर के दायरे में राजनीतिक गतिविधियां नहीं करनी है तो कांग्रेस कर रही है, अब समझ सकते हैं कि मतदान प्रतिशत बीजेपी की ओर इशारा कर रही है।

## नौकरी के इस्तेमाल किए फर्जी दस्तावेज, यूपी के 2 युवक घराए

● जगदलपुर / आरएनएन

प्रदेश में पुलिस भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। जहां उत्तर प्रदेश के दो अभ्यर्थियों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने का प्रयास किया। जगदलपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई कर दोनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान सभी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जाएगी, और फर्जी दस्तावेज पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

12 नवंबर को जगदलपुर के बोधघाट थाने में शिकायत दर्ज की गई थी कि बहादुरपुरा क्षेत्र में कुछ लोग जाली दस्तावेज बनाकर छत्तीसगढ़ का स्थानीय प्रमाण पत्र तैयार कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की और 25 संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित किया। इनमें से पांच लोगों ने पुलिस भर्ती में आवेदन किया था। पुलिस ने छापेमारी के दौरान अनुज यादव और अजय यादव (दोनों 21 वर्ष, उत्तर प्रदेश निवासी) को गिरफ्तार किया और उनके पास से जाली आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र और शैक्षणिक दस्तावेज बरामद किए।

जांच में पता चला कि आरोपी अलग-अलग नामों का उपयोग कर जाली आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, और पांचवीं व आठवीं की मार्कशीट जैसे दस्तावेज बनाते थे। इन जाली दस्तावेजों के आधार पर वे छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने का प्रयास कर रहे थे।

जगदलपुर सीएसपी आकाश श्रीमाल ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया में फर्जी दस्तावेजों का उपयोग रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। अन्य संदिग्ध आवेदनों की भी बारीकी से जांच की जा रही है ताकि फर्जीवाड़े को तुरंत रोका जा सके।

## पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और कारोबारी अनवर ढेबर को रायपुर सेंट्रल जेल में ट्रांसफर का आदेश

● बिलासपुर / आरएनएन

शराब घोटाला केस के मुख्य आरोपियों में शामिल पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और कारोबारी अनवर ढेबर को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दोनों ने खुद को रायपुर जेल में ट्रांसफर किए जाने को लेकर हाइकोर्ट के अपील की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच में हुई।

बता दें, कि पिछले दिनों दोनों को रायपुर जेल से कांकेर और जगदलपुर की जेल में ट्रांसफर किया गया था। जेल सुप्रीटेंडेंट ने एक एप्लिकेशन रायपुर की अदालत में पेश की थी। जिनमें उन्होंने दोनों पर शांति भंग करने का आरोप लगाते हुए दोनों को अलग अलग कांकेर और जगदलपुर की जेल में शिफ्ट करने की मांग की थी। जिसे कोर्ट के स्वीकार कर लिया था। इस फैसले के खिलाफ दोनों ने हाइकोर्ट में अपील की। अपनी याचिका में दोनों ने कहा कि, उनका केस रायपुर में चल रहा है, उनका वकील और परिवार यहां है ऐसे में कोर्ट का फैसला उनके लिए मुश्किल खड़ी कर रहा है। साथ ही यह भी बताया गया कि निचली अदालत ने उन्हें सुनवाई का अवसर नहीं दिया था। मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों की अपील स्वीकार करते हुए उन्हें तुरंत रायपुर जेल शिफ्ट करने का ऑर्डर प्रशासन को जारी किया है।

## पेड़ों की अवैध कटाई रोकने में वनरक्षक नाकाम, दो बीट गॉर्ड निलंबित

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही।** जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई रोकने में नाकाम वनरक्षकों पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। काम में लापरवाही बरतने पर मरवाही वनमंडल के देवरीखुर्द परिसर के वनरक्षक विष्णु जायसवाल और अमारू बीट के वनरक्षक संजय पैकरा को मरवाही वनमंडल डीएफओ ने निलंबित किया है। मरवाही वनमंडल डीएफओ रौनक गोयल ने दो बीट गार्ड को अवैध कटाई की रोकथाम और शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित किया है। यह कार्रवाई मरवाही वनमंडल के पेण्ड्रा वन रेंज के देवरीखुर्द परिसर में पेड़ों की अवैध कटाई की शिकायत मिलने के बाद की गई है। शिकायत की जांच के दौरान 67 नग पेड़ों के कटे हुए ठूठ पाए गए थे। इसके बाद वनरक्षक विष्णु जायसवाल को डीएफओ ने निलंबित किया। वहीं दूसरी तरफ अमारू परिसर वनपरिक्षेत्र में भी पेड़ों की कटाई की शिकायत मिली थी। जांच में जहां 38 नग कटे हुए पेड़ों के ठूठ पाए गए थे। यहां के बीट गॉर्ड संजय पैकरा को भी डीएफओ ने निलंबित कर दिया है।

## कोरिया में बाघ की संदिग्ध मौत केस में कार्रवाई, फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर निलंबित

**कोरिया(आरएनएन)।** कोरिया में 8 नवंबर को बाघ की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। इसके बाद से पूरे वन अमले में हड़कंप की स्थिति है। इस केस में लगातार एक्शन का दौर है। कोरिया के वन मंडल अधिकारी ने वन क्षेत्रपाल विनय कुमार सिंह पर कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है। शुरुआती जांच में बाघ की मौत की वजह जहरीले पदार्थ को बताया जा रहा है। इस संभावना को लेकर वन क्षेत्रपाल पर लापरवाही का आरोप लगा और उन्हें निलंबित कर दिया गया। वन विभाग की तरफ से कार्रवाई का पत्र जारी हो गया है। इस पत्र में यह लिखा गया है कि सोनहत वन परिक्षेत्र के वनभूमि कुदरी में एक चार से पांच साल का बाघ मृत पाया गया।



यह घटना 8 नवंबर को हुई। उसके बाद जांच में कई तरह की बातें सामने आई है। घटनास्थल पर की गई शुरुआती तलाशी में कोई अन्य बाघ या खतरनाक वन्य प्राणी के निशान नहीं मिले।पोस्टमार्टम में बाघ के शव को लगभग 4-5 दिन पुराना बताया गया।

शुरुआती जांच में बाघ की मौत की वजह जहरखुरानी बताई जा रही है। सोनहत फॉरेस्ट एरिया में बाघ की निगरानी को लेकर कोई विशेष प्रयास नहीं करने की बात सामने आ रही है। जिस वनकर्मी पर वन विभाग ने कार्रवाई की है। उनके ऊपर आरोप है कि उन्होंने ग्रामीणों को कोई सुरक्षा मुहैया नहीं कराई। और उन्होंने अपने नीचे के कर्मचारियों से कोई समन्वय भी स्थापित नहीं किया।

### इनका कहना है...

विनय कुमार सिंह ने वन मंडल अधिकारी के निर्देशों का समय पर पालन नहीं किया और न ही पत्र का जवाब 12 नवंबर, 2024 तक प्रस्तुत किया। इस लापरवाही को देखते हुए उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के तहत अनुशासनिक कार्रवाई की गई है। विनय कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है और उन्हें सरगुजा वन सर्किट में अटैच किया गया है।

**कोरिया** वन विभाग

## बस्तर ओलंपिक ने वनांचल के युवाओं को दिया नया मंच, खेलों में बढ़ा उत्साह



**रायपुर।** जनजातीय बाहुल्य और माओवाद प्रभावित बस्तर संभाग में खेल के माध्यम से विकास और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बस्तर ओलंपिक-2024 का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है, जिसमें सुदूर गांवों से आए युवा अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने इस पहल को जनजातीय संस्कृति और पारंपरिक खेलों के संरक्षण के साथ ही, युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया है।

### कबड्डी के विजेताओं ने बस्तर ओलंपिक के लिए जताया मुख्यमंत्री साय का आभार

नारायणपुर में हुए आयोजन में बोरावण्ड गांव से आए युवाओं ने बताया कि उन्हें इस कार्यक्रम में भाग लेकर अत्यधिक आनंद मिल रहा है। खिलाड़ियों ने बताया कि यहां उन्हें ठहरने, भोजन, पेयजल और ड्रेस जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बोरावण्ड के खिलाड़ी जयसिंह, रजनु यादव, अमर सिंह मंडावी, सियालाल नाग और उनके साथी बस्तर ओलंपिक में अपने खेल को निखारने के इस अवसर के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अबूझमाड़ के सुदूर पहुंचविहीन गांव के प्रतिभावान युवाओं के खेल प्रतिभा को निखारने के लिए यह उनकी सराहनीय पहल है।

### विकासखंड स्तर पर उत्साहपूर्वक भागीदारी

नारायणपुर जिले में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 16 नवंबर तक किया जा रहा है, जिसमें नारायणपुर विकासखंड हेतु प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 11 नवंबर तक नारायणपुर के परेड ग्राउंड और खेल परिसर में किया गया, जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ओरछा विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 14 से 16 नवंबर तक, फिर 19 से 21 नवंबर तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों को भाग लेने को मौका मिलेगा।

### मुख्यमंत्री की पहल से अबूझमाड़ में आया सकारात्मक बदलाव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा और आधारभूत सुविधाओं में लगातार सुधार हो रहा है। इस क्षेत्र में माओवादी घटनाओं में कमी आई है और लोगों का जीवन स्तर भी बेहतर हो रहा है। अबूझमाड़ के संवेदनशील इलाकों में सड़क, बिजली, पानी, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल और उप-स्वास्थ्य केंद्र जैसी बुनियादी सुविधाएं स्थापित की जा रही हैं। ईरकभट्टी, मसपुर और गारपा जैसे दूरस्थ गांवों तक अब पक्की सड़कें बन चुकी हैं, जिससे इन गांवों के निवासियों को शहरों और बाजारों से जोड़ने में आसानी हो रही है। नारायणपुर से गारपा और मसपुर तक बस सेवाओं की शुरुआत भी इस क्षेत्र के विकास में एक अहम कदम है, जिससे लोगों को यातायात में सहूलियत मिल रही है।


मोनिन्ड लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालयः- 11, मोनेट हाऊस, मस्जिद मोठ ग्रेटर कैलाश, पार्ट-II, नई दिल्ली-110048
पंजीकृत कार्यालय : ब्लॉक-7, रूम नं. 78, दीन दयाल आवास, कबीर नगर रायपुर, सीटी- 492099 दूरभाष नं. : 011-29223112 फान: +91-877-0344104
ईमेल : isc_mind@monnetgroup.com; वेबसाइट : www. monnetgroup.com सीआईएन- L51103CT1982PLC009717

30 सितंबर, 2024 को समाप्त हुई तिमाही एवं छमाही के लिए गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणाम का लेखा जोखा (रू. लाख में प्रति शेयर डाटा लाभ के अतिरिक्त)

| स. क्रं. | तथ्य | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2024 | 30.06.2024 | 30.09.2023 | 30.09.2024 | 30.09.2023 | 31.03.2024 |
| | | गैर अंकेक्षित | गैर अंकेक्षित | गैर अंकेक्षित | गैर अंकेक्षित | गैर अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1. | संचालन से कुल आय (सकल) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2. | समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण एवं या/विशेष सामग्री, कर के पूर्व) | (60.65) | (65.76) | (59.88) | (126.41) | (83.63) | (197.14) |
| 3. | समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि कर के पूर्व) (असाधारण एवं या/विशेष सामग्री, के पश्चात) | (60.65) | (65.76) | (59.88) | (126.41) | (83.63) | (197.14) |
| 4. | कर के पश्चात समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) असाधारण एवं या/विशेष सामग्री | (60.65) | (65.76) | (59.88) | (126.41) | (83.63) | (197.14) |
| 5. | समयावधि के लिए कुल व्यापक आय [(कर के पश्चात) समयावधि के लिए व्यापक लाभ/(हानि) एवं अन्य व्यापक आयक (कर के पश्चात)] | (60.65) | (65.76) | (59.88) | (126.41) | (83.63) | (197.14) |
| 6. | इक्विटी शेअर पूंजी (प्रत्येक की फेस वेल्यू रूपये 10/-) | 368.13 | 368.13 | 368.13 | 368.13 | 368.13 | 368.13 |
| 7. | रिजर्व्स (पुर्नमूल्यांकित रिजर्व्स को हटाकर) जैसा कि पिछले वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाया गया है | - | - | - | - | - | - |
| 8. | प्रति शेअर आय (रू.10/- प्रत्येक) (संचालन को निरंतर करने एवं बंद करने के लिए) | | | | | | |
| | आधार : | (1.65) | (1.79) | (1.63) | (3.43) | (2.27) | (5.36) |
| | मिश्रित : | (1.65) | (1.79) | (1.63) | (3.43) | (2.27) | (5.36) |

नोट्स:-
उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर त्रैमासिक और नौ माह वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। त्रैमासिक और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.monnetgroup.com) पर उपलब्ध हैं।

मोनिन्ड लिमिटेड के लिए
महेश कुमार शर्मा
पूर्ण-कालिक निदेशक

स्थान:-नई दिल्ली
दिनांक :- 13.11.2024